nwda.gov.in

60% घरों तक पहुंचा स्वच्छ जल, पीएम ने कहा–असाधारण उपलब्धि

- जल जीवन मिशन के तहत इस वर्ष हर दिन 86,894 कनेक्शन
- गजेंद्र शेखावत ने कहा- मिशन के सफल क्रियान्वयन से हासिल किया मील का पत्थर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: जल जीवन मिशन के माध्यम से गांवों में साठ प्रतिशत घरों तक टैप के जरिये स्वच्छ पेयजल पहुंच गया है। जलशक्ति मंत्रालय के अनुसार, इस मिशन के क्रियान्वयन में इस साल के शुरुआती तीन महीनों में खास तौर पर तेजी आई है। इस दौरान औसतन हर दिन 86,894 नए टैप वाटर कनेक्शन दिए गए हैं। इस उपलब्धि का जिक्र पहले जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस ट्वीट के साथ किया कि हमारे गांवों में 60 प्रतिशत घरों में सक्रिय टैपों के जरिये स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जो कि जल जीवन मिशन के लिए एक मील का पत्थर है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह असाधारण उपलब्धि है, जिससे तमाम लोगों का जीवन सुगम हुआ है। नोबेल पुरस्कार विजेता डा. माइकल क्रेमर और उनकी टीम ने एक अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष व्यक्त किया था कि अगर परिवारों को पीने के लिए सुरक्षित पानी उपलब्ध कराया जाए तो 30 प्रतिशत शिशुओं की मृत्यु को रोका जा सकता है। पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2019 को इस मिशन की घोषणा की थी। तब 19.43 करोड़ ग्रामीण परिवारों में केवल 3.23 करोड़ (16.65 प्रतिशत) परिवारों के पास ही नल का पानी उपलब्ध था। कोविड और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पैदा हुए व्यवधानों के बावजूद इस मिशन के जरिये 11.66 करोड़ (60 प्रतिशत) से अधिक परिवारों को उनके घरों में नल से जल की आपूर्ति उपलब्ध कराई गई है।